# Dukhharta | By Raju Bairagi

खाटू में मेरे श्याम तुम रहते हो
हारे के सारे दु:ख तुम हर लेते हो
भव सागर में नैया पार लगाते हो
देकर आसरा तुम गले लगाते हो

कलयुग में बाबा तुम चमत्कार करते हो
जो भी शरण में आता उसकी लाज रखते हो
जो तेरी पूजा करता है, जो तेरा नाम लेता है
जो तेरा नाम लेता है...........
साथी बन कर जीवन पार लगाते हो
देकर आसरा तुम गले लगाते हो

मन मंदिर में बाबा है ज्योत तेरी जलती
मेरे परिवार पे बाबा तेरी कृपा रहती
मैं तेरा हूँ तू मेरा है, हम सबको सहारा तेरा है
हम सबको सहारा तेरा है..........
मुश्किल में मेरा हर पल साथ निभाते हो
देकर आसरा तुम गले लगाते हो

हर ग्यारस पे बाबा मैं तेरे दर पे आऊं
बैरागी पे कर दो कृपा दर छोड़ कहीं न जाऊं
अज्ञानी हूँ मैं मूरख हूँ , पर तेरे दर का सेवक हूँ
पर तेरे दर का सेवक हूँ.........
देदो दर्शन काहे देर लगाते हो
देकर आसरा तुम गले लगाते हो

https://bhaktivandana.com/lyrics/dukhharta-by-raju-bairagi/